दिनांकः 28.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन किया–फॉस्फेट और पोटाश खाद पर 37 हजार 952 करोड़ रूपये की सब्सिडी को भी मंजूरीं
- प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिये निर्वाचन विभाग कल सभी राजनीतिक दलों और ज़िला कलेक्टरों के साथ बैठक करेगां
- राज्य मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश में बसों में आग लगने की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए परिवहन विभाग को बसों में सुरक्षा मापदण्ड सुनिश्चित करने के निर्देश दियें
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी कई जगह बारिश–बरसात से तापमान में 5 से 10 डिग्री तक की गिरावटं

0000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन कर दिया हैं सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में मत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि आयोग अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगां उन्होंने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य–सचिव होंगें

..................

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रबी 2025 के लिए लगभग 37 हजार नौ सौ 52 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी हैं ये दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगीं उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सब्सिडी वाले, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगीं

....................

000

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद शुरू कर दी हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने आज जयपुर में पत्रकार वार्ता में पुनरीक्षण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दीं उन्होंने बताया कि इसे लेकर कल राजनीतिक दलों और सभी ज़िला कलेक्टर्स के साथ बैठक की जायेगीं वहीं 4 नवम्बर से चार दिसम्बर तक गणना प्रपत्रों के वितरण और संग्रहण का कार्य होगां उन्होंने बताया कि इसके लिये कार्मिकों का प्रशिक्षण आज से शुरू हो गया हैं

श्री महाजन ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण के संबंध में स्कूल–कॉलेज और पंचायत स्तर पर ऑनलाइन आवेदन के लिये जागरूकता अभियान चलाया जायेगां

.......................

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया हैं उन्होंने कहा कि इस समस्या से पूरा विश्व प्रभावित हो रहा हैं वे आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन–आईएसए सभा के आठवें सत्र को संबोधित कर रही थीं राष्ट्रपति ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में ठोस कदम उठा रहा हैं उन्होंने कहा कि भारत और दुनिया भर की सभ्यताएं लंबे समय से सूर्य को जीवन और ऊर्जा के परम स्रोत के रूप में मानती रही हैं

इस अवसर पर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विश्व की कुछ सबसे बडी स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में भारत की प्रमुख भागीदारी हैं चार दिन के समारोह में 124 देशों के 40 से अधिक मंत्री हिस्सा ले रहे हैं इसका उद्देश्य टिकाऊ भविष्य के लिए सौर ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक सहयोग बढाना हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट को संबोधित कियां उन्होंने इस दौरान सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया और राजस्थान फाउंडेशन की कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी कियां मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जन्मभूमि की मिट्टी की खुशबू को देश–विदेश में फैलाने के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें राजस्थान आने का न्योता दियां उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार हर साल 10 दिसंबर को **'प्रवासी राजस्थानी दिवस'** का आयोजन करेगी ताकि प्रवासियों का उनकी मातृभूमि से सीधा जुड़ाव बना रहें मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हेरिटेज हवेलियों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही हैं उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रिको की नई प्रत्यक्ष भूमि आवंटन नीति के तहत निवेशकों को सुविधाएं प्रदान कर रही है और 2027 तक किसानों को दिन में पूरी बिजली देने का लक्ष्य हैं

....................

000

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत आज खाटू श्याम जी कॉरिडोर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कीं दिया कुमारी ने कहा कि खाटू श्याम जी प्रमुख धार्मिक नगरी है और श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव देना राज्य सरकार की जिम्मेदारी हैं उन्होंने जोर दिया कि जनप्रतिनिधियों और स्थानीय सुझावों को शामिल करके ही विकास कार्य अधिक प्रभावी बनेंगें

बैठक में यातायात, अतिक्रमण और पार्किंग समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष कमेटी गठित की गईं उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कमेटी के सुझावों के आधार पर परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगां

000

राज्य मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश में बसों में आग लगने की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए परिवहन विभाग को बसों में सुरक्षा मापदण्डों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं आयोग ने पिछले दिनों जैसलमेर तथा आज जयपुर–दिल्ली हाई–वे पर हुई आगजनी की घटना को गंभीर मानां आयोग ने परिवहन विभाग को निर्देश दिये की सभी यात्री बसों में परिवहन नियमों और यात्री सुरक्षा के लिये सभी जरूरी कदम उठाये जायें आयोग ने आज मनोहरपुर में बस में आग की घटना पर जयपुर जिला कलेक्टर, परिवहन आयुक्त सहित अन्य से तथ्यात्मक रिपोर्ट भी मांगी हैं

इस बीच, मनोहरपुर बस आगजनी घटना में गंभीर रूप से झुलसे हुए पांच लोगों का जयपुर के सवाईमानसिंह अस्पताल में इलाज किया जा रहा हैं जिला कलैक्टर जितेन्द्र सोनी ने घटनास्थल का दौरा कियां

इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बस में उत्तरप्रदेश के पीलीभीत से मजदूर अपने सामान के साथ जयपुर आ रहे थें उसी दौरान यह हादसा हुआं उन्होंने बताया कि हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही हैं

..................

उधर जैसलमेर बस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 28 हो गई हैं हादसे में झुलसे एक व्यक्ति पीर मोहम्मद की आज जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में मृत्यु हो गईं यह पीर मोहम्मद के परिवार में पाँचवीं मौत है; इससे पहले उनकी पत्नी और तीन बच्चों की भी जान जा चुकी हैं जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि उनके यहां अभी भी दो घायल भर्ती हैं जिनकी हालत स्थिर हैं

000

देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में अस्सी लाख टन से अधिक वेस्ट का उपयोग किया गया हैं आज नई दिल्ली में स्मार्ट सड़कों का भविष्य विषय पर सी आई आई के सम्मेलन में सडक

परिवहन और राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इथेनॉल और मेथनॉल जैसे जैव ईंधनों के इस्तेमाल से परिवहन क्षेत्र की लॉजिस्टिक लागत में पांच से छह प्रतिशत की कमी आई हैं उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स लागत कम होने से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगीं उन्होंने कहा कि वैकल्पिक जैव ईंधन के उपयोग से सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा, प्रदूषण कम होगा और कृषि उपज की बढ़ती मांग से किसानों को लाभ होगां

000

जालौर जिले में आज दो कारों की टक्कर में तीन लोगों की मृत्यु हो गई हादसा सांचौर के नजदीक भारतमाला नेशनल हाईवे पर लाछड़ी टोल प्लाजा के पास हुआं दुर्घटना में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका सांचौर के अस्पताल में उपचार जारी हैं

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी बारिश का दौर बना हुआ हैं जयपुर के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा, सलूम्बर, चित्तौड़, भीलवाड़ा सहित कई स्थानों पर आज भी हल्की से मध्यम बारिश हुई हैं सलूम्बर में बारिश से खेतों में पानी भर गयां उधर चित्तौड़ में बारिश से जलाशयों और बांधों में पानी की आवक हुई हैं लगातार बारिश के कारण ज़िले के घोसुण्डा बांध के दो गेट खोले गये हैं

.....................

वहीं पाली में कल से हो रही बारिश का दौर आज थम गया है, लेकिन तेज़ हवाओं के कारण ठण्डक बढ़ गई हैं उधर बाड़मेर और जालौर में तेज़ हवा चलने से दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी हुई हैं बेमौसम बारिश से कटी हुई फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जबकि तापमान में 5 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई हैं इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि कल से बारिश में कमी आएगीं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि दक्षिणी हिस्सों में हल्की बरसात हो सकती हैं

000